हिंदी दैनिक खबर

# केशव न्यूज

सोमवार 4 अगस्त 2025 बर्ष 01 अंक 88 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com www.keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

कर्म से सफलता मिलती है, भाग्य के भरोसे नहीं। बिना अपना हाथ लगाए तो भोजन भी मुख में नहीं जाता

## नवादा जाते समय गिरियक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का भव्य स्वागत, चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

### राजेश राम का नवादा दौरा बना शक्ति प्रदर्शन, समर्थकों ने की पासवान को विधायक बनाने की मांग

संवाददाता केशव न्यूज



संवाददाता केशव न्यूज । बिहारशरीफ (नालंदा) । बिहार कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का रविवार को नवादा जाते समय गिरियक प्रखंड स्थित दुर्गानगर मोड़ पर भव्य स्वागत किया गया। वे सड़क मार्ग से रोह प्रखंड के एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे, इसी क्रम में कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नेता संजय कुमार पासवान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने गाड़ी से उतरकर उपस्थित ला. `गों से मुलाकात की और कुछ मिनटों तक बातचीत की। इस दौरान समर्थकों ने उन्हें फूल–मालाओं से लाद दिया और ष्कांग्रेस पार्टी जिंदाबादष, ष्राहुल गांधी जिंदाबादष, ष्सोनिया गांधी जिंदाबादष जैसे नारे लगाए।

ग्रामीणों ने इस अवसर पर साफ शब्दों में कहा कि वे राजगीर विधानसभा क्षेत्र से संजय कुमार पासवान को विधायक के रूप में देखना चाहते हैं। लोगों ने यह भी दावा किया कि पासवान को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है और इस बार वे उन्हें विजयी बनाकर विधानसभा में भेजने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

इस मौके पे प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने मौके पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर ँ(प्) सूची से महागठबंधन समर्थकों के नाम जानबूझकर हटाए गए हैं, जिससे गठबंधन के वोटों को प्रभा. वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है, और यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने जनता से अपील की कि जिनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है, वे ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर पुनः पंजीकरण जरूर कराएं, ताकि महागठबंधन को नुकसान न हो।

इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला, गोरेलाल यादव, अवधेश यादव, मनोज पासवान, पप्पू पांडे, अनिल पाल, मंटू यादव, विनोद सिंह, विपिन पांडे, सुधीर यादव, अर्जुन पासवान, शुभम पासवान, विनोद मांझी, चांदराम, दिनेश चौधरी, पप्पू यादव, सौरभ कुमार सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## बिहारशरीफ में पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रेरणादायक साइकिल रैली, डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने किया नेतृत्व

संवाददाता केशव न्यूज । बिहारशरीफ (नालंदा) – बिहारशरीफ में आज पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर एक प्रेरणादायक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने किया। रैली में डाक विभाग के कर्मचारियों के साथ–साथ स्थानीय युवाओं, छात्र–छात्राओं और आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने रैली के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि "साइकिल चलाना न केवल एक उत्तम व्यायाम है, बल्कि यह पर्यावरण की रक्षा का भी एक प्रभावी साधन है। रोज़ाना साइकिल चलाने से न सिर्फ़ शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि प्रदूषण की रोकथाम में भी मदद मिलती है।"

उन्होंने आगे कहा कि "आज जिस तेज़ी से शारीरिक निष्क्रियता और प्रदूषण–तमसंजमक बीमारियां बढ़ रही हैं, उसमें साइकिलिंग एक सरल लेकिन कारगर उपाय हो सकता है। हम सबको अपने दैनिक जीवन में साइकिल को शामिल करना चाहिए, ताकि न केवल हम खुद स्वस्थ रहें, बल्कि हमारे आस–पास का पर्यावरण भी स्वच्छ और सुरक्षित बना रहे।"

इस अवसर पर डाक अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि वे साइकिल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और विशेष रूप से छोटे–छोटे कार्यों के लिए मोटर वाहनों का प्रयोग कम करें, जिससे ईंधन की बचत भी हो और प्रदूषण भी घटे। रैली के प्रतिभागियों ने हाथों में ष्स्वस्थ रहो, साइकिल चलाओष, ष्प्रदूषण हटाओ, पर्यावरण बचाओष, ष्व्यायाम करो, बीमारी दूर करोष जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर संदेश दिया।

रैली के समापन पर एक संक्षिप्त सभा का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन, शारीरिक गतिविधि और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कई स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी भाग लिया और इस पहल की सराहना की।

साइकिल रैली की इस पहल को लोगों ने खूब सराहा और इसे स्वस्थ समाज और स्वच्छ वातावरण की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। आयोजकों ने भविष्य में इस तरह के कार्यक्रमों को और अधिक व्यापक स्तर पर करने का संकल्प लिया।

## नालंदा में रेड क्रॉस सोसाइटी का साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर 150 से अधिक जरूरतमंदों को मिली निरुशुल्क चिकित्सा सेवा

### नालंदा में मानवता की मिशाल बना रेड क्रॉस शिविर, हर रविवार होगा आयोजन




संवाददाता केशव न्यूज । बिहारशरीफ (नालंदा) – भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा आज श्रम कल्याण केंद्र मैदान स्थित विस्तारित भवन परिसर में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के प्रख्यात चिकित्सकों की टीम ने 150 से अधिक जरूरतमंदों की जांच कर उन्हें परामर्श और चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं।

स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, वंचित और निसहाय लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 35 बच्चों की जांच की। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 60 मरीजों की आंखों की जांच की। वहीं, फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 75 लोगों का परीक्षण किया। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि कुमार ने 19 मरीजों की जांच की, जबकि होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार ने 25 लोगों को परामर्श दिया। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 लोगों को सेवाएं दीं। इसके अलावा 24 लोगों की मधुमेह जांच की गई। शिविर में ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप कुमार सिंह भी उपस्थित रहे और जरूरी परामर्श प्रदान किया।शिविर में आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी की इस पहल की सराहना की। लोगों ने कहा कि इस तरह के शिविर उनके जैसे जरूरतमंदों के लिए बेहद सहायक हैं, जिन्हें महंगी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती।

शिविर के आयोजन और संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद अखलाक अहमद एवं आजीवन सदस्य प्रमोद पंडित, नागेंद्र कुमार, चंद्रमणि प्रसाद, बृज बिहारी प्रसाद, प्रो. स्वधर्म कुमार, रवि भूषण, राकेश कुमार पंकज, आकाश रोशन, ओमप्रकाश निर्मला, साधु शरण प्रसाद, राजीव कुमार, अरुण कुमार और संजय कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने पंजीकरण, कतार व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को कुशलता से संभाला।

रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से यह भी जानकारी दी गई कि यह स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।









# नालंदा के कराय परशुराय में अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई

## ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद से खुला नेटवर्क का भंडाफोड

संवाददाता केशव न्यूज : कराय परशुराय (नालंदा) – कराय परशुराय थाना क्षेत्र अंतर्गत कंधौली गांव में रविवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर मद्यनिषेध विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। समाहर्ता नालंदा के प्रत्यक्ष निर्देशन में संचालित इस कार्रवाई में ड्रोन कैमरे और प्रशिक्षित खोजी कुत्तों की सहायता से छिपे हुए शराब निर्माण केंद्रों की सटीक पहचान कर उन्हें ध्वस्त किया गया।



अभियान के दौरान आधा दर्जन से अधिक अवैध शराब भट्ठियों को नष्ट किया गया, जबकि मौके से दो दर्जन प्लास्टिक ड्रमों में रखे महुआ को जब्त कर नष्ट कर दिया गया। पानी किनारे छिपाकर चलाए जा रहे इन अवैध अड्डों का संचालन सुनियोजित तरीके से किया जा रहा था।

मद्यनिषेध विभाग के सुपरिटेंडेंट ने बताया कि इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि जांच के दौरान जिन अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आएगी, उनके खिलाफ भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि यह पिछले 15 दिनों में इस क्षेत्र में दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले भी इसी इलाके में भारी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब बरामद की गई थी।

मद्यनिषेध विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे अपने आसपास चल रही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अवैध शराब निर्माण और तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# राजगीर में एशिया रग्बी यू20 चौंपियनशिप का आयोजन, भारतीय टीम में शामिल हुए 6 बिहारी खिलाड़ी

संवाददाता केशव न्यूज बिहार शरीफ़ (नालंदा ) – बिहार के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। आगामी 9 और 10 अगस्त को राजगीर खेल परिसर में आयोजित होने वाली 'एशिया रग्बी यू20 रग्बी 7एस चौंपियनशिप 2025' के लिए भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ ने राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों की घोषणा कर दी है। गौरव की बात यह है कि इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित भारतीय टीम में बिहार के कुल 6 खिलाड़ी शामिल किए गए हैंकृ जिनमें 4 महिला और 2 पुरुष खिलाड़ी हैं।




भारतीय महिला टीम में बिहार की आरती कुमारी, अंशू कुमारी, अल्पना कुमारी और गुरिया कुमारी को जगह मिली है, जबकि पुरुष टीम में गोल्डेन कुमार और सागर प्रकाश का चयन हुआ है। यह राज्य के लिए गर्व की बात है और यह खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और रग्बी के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतिफल है।

इस बार भारतीय अंडर–20 पुरुष टीम की कप्तानी पश्चिम बंगाल के सुमित कुमार रॉय करेंगे और करण राजभर उप–कप्तान होंगे। महिला टीम का नेतृत्व राजस्थान की भूमिका शुक्ला करेंगी और महाराष्ट्र की तनुश्री भोसले उप–कप्तान होंगी। पुरुष टीम के कोच फ्रांसिस्को श्पाकोश हर्नांडेज़ होंगे और उन्हें टेरेंस जोसेफ का सहयोग मिलेगा। महिला टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी यूरोपीय चौम्पियनशिप विजेता कियानो फौरी निभाएंगे, जिनके सहायक तिलक राज होंगे ।बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने खिलाड़ियों के चयन को राज्य के लिए सम्मानजनक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह चयन राज्य के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा और आने वाले समय में बिहार से और अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सामने आएंगे।

इस टूर्नामेंट में एशिया के 9 देशों की 8 टीमें हिस्सा लेंगी। पुरुष वर्ग में भारत, चीन, संयुक्त अरब अमीरात, हांगकांग, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका और मलेशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। महिला वर्ग में मलेशिया की जगह नेपाल की टीम शामिल होगी।

इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का चयन 3 जुलाई को कोलकाता स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में आयोजित कोचिंग कैंप के बाद किया गया। यह 2022 के बाद पहला मौका है जब भारत की दोनों अंडर–20 टीमें महाद्वीपीय स्तर पर एक साथ भाग ले रही हैं, वह भी घरेलू मैदान पर।

इस आयोजन से ठीक एक दिन पहले, 8 अगस्त को राजगीर खेल परिसर के कबड्डी हॉल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी खिलाड़ियों और अतिथियों का स्वागत किया जाएगा तथा रग्बी जैसे खेल के महत्व पर चर्चा की जाएगी।

बिहारवासियों के लिए यह एक दुर्लभ अवसर है जब वे अपने राज्य में अंतरराष्ट्रीय रग्बी मुकाबले देख सकेंगे। साथ ही, राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय जर्सी में खेलते देखना यहां के खेल प्रेमियों के लिए गौरव का क्षण होगा। यह आयोजन बिहार की खेल संस्कृति को नई दिशा देगा और राज्य को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।



# बिहारशरीफ के वार्ड 3 में विकास योजना का उद्घाटन

## विधायक ने साझा की केंद्र–राज्य की जनकल्याणकारी योजनाए

संवाददाता केशव न्यूज : बिहार शरीफ (नालंदा) – बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्यादृ3 में विधायक निधि से निर्मित एक महत्वपूर्ण योजना का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के पश्चात स्थानीय विधायक ने आत्मीय मतदाताओं से संवाद स्थापित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

संवाद के दौरान उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हाल ही में कैबिनेट से पारित 125 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को 35: आरक्षण, तथा अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने जैसी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक निर्णयों ने हर घर में नई आशा और विश्वास की किरण जगाई है।

इसके साथ ही, वृद्धजन, विधवा, दिव्यांग और बुजुर्ग महिलाओं को मिलने वाली पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये किया जाना एक संवेदनशील और दूरदर्शी निर्णय है, जो सिर्फ आर्थिक मदद नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देता है।

इन विकास योजनाओं का क्षेत्रीय जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नागरिकों ने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया कि वे एनडीए सरकार की नीतियों और कार्यशैली पर न केवल भरोसा करते हैं, बल्कि पूरी मजबूती से उसके साथ खड़े हैं।

# विधायक राकेश रौशन का निर्वाचिन आयोग पर हमला, मतदाता सूची से नाम हटाने को बताया लोकतंत्र पर चोट



संवाददाता केशव न्यूज : इस्लामपुर (नालंदा) – इस्लामपुर प्रखंड के नवावगंज गांव में आज आरजेडी के स्थानीय विधायक राकेश कुमार रौशन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निर्वाचन आयोग (म्ब्) पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आयोग बिहार की जनता के साथ अन्याय कर रहा है और बिना किसी ठोस सबूत के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

विधायक रौशन ने कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। "निर्वाचन आयोग को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जिन मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, उन्हें किन कारणों से हटाया गया और इसका सबूत जनता के सामने प्रस्तुत करना चाहिए," उन्होंने कहा।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यभर में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाताओं के नाम काटे गए हैं जो महागठबंधन के समर्थक माने जाते हैं। "हम इस प्रक्रिया का कड़ा विरोध करते हैं। यह सीधे तौर पर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे," विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरजेडी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही और उन्होंने भी निर्वाचन आयोग की इस कार्रवाई के खिलाफ एकजुटता दिखाई। विधायक राकेश रौशन ने यह भी कहा कि इस मुद्दे को विधानसभा में और जनता के बीच मजबूती से उठाया जाएगा।






# बिहारशरीफ के मंसूर नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने निभाई चिकित्सकीय संवेदना की भूमिका

संवाददाता केशव न्यूज : नालंदा (बिहारशरीफ)। आज बिहारशरीफ के मंसूर नगर मुहल्ले में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शहर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दो सौ से अधिक गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निरूशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवा उपलब्ध कराई।



स्वास्थ्य शिविर में जेनरल फिजीशियन डॉ. दीनानाथ वर्मा, सर्जन व किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन भारती, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजय कुमार तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संध्या सिन्हा ने अपनी सेवाएं दीं। सभी डॉक्टरों ने निःस्वार्थ भाव से शिविर में आए मरीजों की जांच की और उन्हें आवश्यक दवाएं भी प्रदान की गईं।

इस अवसर पर मंत्री डॉ. सुनील कुमार स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने मरीजों से भेंट कर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। स्थानीय लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि, "अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधायक बनने से पूर्व मैं स्वयं एक चिकित्सक रहा हूं, इसलिए अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लगातार निरूशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है।" उन्होंने इस सामाजिक कार्य में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

शिविर में मुहल्लेवासियों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। लोगों ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंत्री डॉ. सुनील कुमार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। स्थानीय नागरिक राकेश कुमार एवं शैलेन्द्र कुमार ने शिविर आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री अमरेश कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद सह शक्ति केंद्र प्रमुख भेषनाथ प्रसाद, बूथ अध्यक्ष विनोद कुमार, अतिश कुमार, आनंदी ठाकुर, रवि कुमार, अनोज कुमार, आलोक रंजन, वसंत कुमार, रमन कुमार, राजा कुमार समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में दिखी जिला इकाई की

## गुटबाज़ी, छोटे मुखिया और जिला अध्यक्ष में तनातनी



संवाददाता केशव न्यूज : नवादा दौरे पर निकले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का बिहार शरीफ में भव्य स्वागत किया गया, लेकिन इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान पार्टी की जिला इकाई में चल रही अंदरूनी खींचतान एक बार फिर सतह पर आ गई।

हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए नालंदा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार उर्फ छोटे मुखिया ने अपने समर्थकों के साथ एक पेट्रोल पंप के निकट प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अपने गुट के कार्यकर्ताओं के साथ करीब 200 मीटर की दूरी पर प्रदेश अध्यक्ष के इंतजार में खड़े दिखे। दोनों नेताओं ने एक–दूसरे के प्रति नाराज़गी ज़ाहिर की और आपसी आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी चला।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि "नालंदा कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमि रही है। यह पौराणिक काल से ही ज्ञान और विचारों की धरती रही है। ऐसे में हम सभी कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी हित में एकजुट होकर काम करना चाहिए।इस दौरान छोटे मुखिया ने राज्य सरकार और मंत्री श्रवण कुमार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि "चुनाव आते ही वर्षों पुरानी योजनाओं का दोबारा शिलान्यास या उद्घाटन कर जनता को भ्रमित किया जाता है। कई योजनाएं आज भी अधूरी हैं, और कुछ तो उद्घाटन से पहले ही जर्जर हो चुकी हैं।"

दूसरी ओर, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने दावा किया कि उनके कार्यकाल में संगठन को नई मजबूती मिली है। उन्होंने कहा, "जब मैंने अध्यक्ष पद संभाला था, तब पार्टी कार्यालय सुनसान पड़ा रहता था। आज वहां चहल–पहल है और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है।"

कुल मिलाकर, प्रदेश अध्यक्ष के दौरे के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश तो दिखा, लेकिन गुटबाज़ी की तस्वीरें भी उतनी ही साफ़ थीं, जो आने वाले समय में संगठन के लिए चुनौती बन सकती हैं।









**अनमोल वचन**

कर्म से सफलता मिलती है, भाग्य के भरोसे नहीं। बिना अपना हाथ लगाए तो भोजन भी मुख में नहीं जाता


हर पल, हमारी खबर

केशव न्यूज

बिहार का नंबर 1 अखबार

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120

केशव न्यूज़ में विज्ञापन देकर अपने व्यवसाय को दे नई पहचान और नई दिशा

खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 9931405353